सत्यमेव जयते

अष्टादश

बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{20 माघ, 1947 (श०)}}{\text{09 फरवरी, 2026 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1)	गन्ना उद्योग विभाग	-	-	01
(2)	सामान्य प्रशासन विभाग	-	-	01
			कुल योग --	02

गन्ना मूल्य का भुगतान

7. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के बगहा चीनी मिल द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2026 तक भुगतान हेतु 1214.6 लाख रुपया, हरि नगर द्वारा उसी तिथि तक 559, नरकटियागंज द्वारा 3958.36 लाख रुपया, मझौलिया द्वारा 3507.45 लाख रुपया, गोपालगंज द्वारा 2499.6 लाख रुपया, सिधवलिया द्वारा 2558.29 रुपया, समस्तीपुर जिला में हसनपुर द्वारा 1820.22 लाख रुपया, पूर्वी चम्पारण के लौरिया द्वारा 1533.98 रुपया, सुगौली मिल द्वारा 660.3 रुपया तथा सीतामढ़ी जिला के रीगा चीनी मिल द्वारा 512.05 और उत्तर प्रदेश की चीनी मिल प्रतापपुर द्वारा 678 लाख रुपया गन्ना मूल्य भुगतान वास्ते अवशेष रखा गया था जो बढ़ता ही जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चीनी मिलों के गन्ना मूल्य का भुगतान नियमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

8. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के ज्ञापांक 16698, दिनांक 4 सितम्बर, 2025 के द्वारा बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (संबद्ध गोप गुट) के 10 (दस) सूत्री मांगों के संबंध में महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ क्रमांक 1 से 5 तक में लिपिकों की भर्ती, सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना, कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था तथा कर्मियों का दुर्घटना बीमा सहित कुल 7 (सात) बिन्दुओं पर सहमति बनी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बिन्दुओं पर कबतक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 9 फरवरी, 2026 (ई0) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0 20(एल0ए0), 2025-26-डी0टी0पी0-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026